## खबर संक्षेप

### मेकल ने यंग स्टार को और खैरी ने खेल विभाग को दी मात



**मण्डला।** सोमवार को महात्मा गांधी स्टेडियम में स्वर्गीय मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग के अंतरगत मेकल फुटबॉल क्लब मंडला व यंग स्टार फुटबॉल क्लब और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला व खैरी फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया। मेकल फुटबॉल क्लब मंडला व यंग स्टार फुटबॉल क्लब के बीच खेले गए मैच में मेकल ने यंग स्टार को 5 / 1 से शिकस्त दी। मेकल की तरफ से अभिषेक, हर्ष कुमार व कमलेश ने 1 - 1 और विकास ने 2 गोल किए। यंग स्टार की तरफ से एक मात्र गोल उत्कर्ष राय ने किया। दूसरा मैच खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला व खैरी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इस मैच में हिमांशु, कुनाल और अनुज के गोलों की मदद से खैरी 3 / 0 से विजयी रही। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रानू राजपूत, ललित लोधी, मोहन शाह, अभिषेक, स्वामी शारदात्मानन्द, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष डॉ दिलीप शर्मा, जिला फुटबाल संघ व नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब के सचिव अनिल सोनी, राजेंद्र शर्मा, पार्षद विनय वरदानी, अली इमाम अंसारी, मतीन खान, कुशल अग्निहोत्री, राजेंद्र सिंगौर पंचू, पंकज उसराठे, मुजबी हसन, बिलाल अहमद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### गोंडवाना गुरुदेव का आगमन 3 को

**मण्डला।** गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति मध्य प्रदेश के तत्वाधान में 3 सितंबर बुधवार को पोला ग्राउंड छिंदवाड़ा में भव्य रूप में राष्ट्रीय करमडार महापूजा एवं करमा नृत्य महोत्सव का लगातार तीसरा वर्ष का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजन के संबंध में प्रदेश संयोजक दिलीप सैयाम द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ उड़ीसा बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश वेस्ट बेंगल महाराष्ट्र गुजरात असम आदि प्रदेशों से बड़ी संख्या के साथ में सामाजिक जन शामिल होंगे।

## राष्ट्रीय पर्व पर दूषित गुड़ की पिलाई चाय

# छात्रावास अधीक्षक पर लगे गंभीर आरोप

*** ग्रामीणों ने की कार्यवाही की मांग।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहां पूरा देश आज़ादी का जश्न मना रहा था, वहीं मंडला जिले के खलौडी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। ग्रामीणों ने छात्रावास अधीक्षक पूजा डोंगरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 15 अगस्त को आमंत्रित ग्रामीणों को कीड़े लगे गुड़ से बनी चाय परोसी। इस घटना का खुलासा एक वायरल वीडियो से हुआ, जिसमें अधीक्षक अपने कर्मचारियों से कहती हुई सुनाई दे रही हैं- "ग्रामीणों को कीड़े वाले गुड़ की चाय ही पिलाओ और मेरे लिए दूसरी चाय बनाना।"

### ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ी

ग्रामीणों का आरोप है कि कीड़े लगे गुड़ से बनी चाय पीने के बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई। कुछ लोगों को उल्टियां हुईं और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी बढ़ने पर उन्हें चिकित्सकीय सलाह लेनी पड़ी। इस घटना से ग्रामीणों में गहरी नाराज़गी व्याप्त है। उनका कहना है कि अगर ग्रामीणों के साथ अधीक्षक का यह रवैया है, तो छात्रावास की बालिकाओं को परोसे जाने वाले भोजन और पेय की गुणवत्ता की कल्पना करना कठिन नहीं है।

### प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसी लापरवाही छात्रावास में रह रही बच्चियों के स्वास्थ्य और भविष्य को खतरे में डाल सकती है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि "हमारी बच्चियों का भविष्य और स्वास्थ्य किसी भी हाल में खतरे में नहीं डाला जा सकता।" उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर दोषी अधीक्षक पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### अधीक्षक ने दी सफाई

इस मामले पर छात्रावास अधीक्षक पूजा डोंगरे ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि गुड़ खराब था, जिस कारण बाद में दूसरा गुड़ और शक्कर मंगाकर चाय बनाई गई। उन्होंने वायरल वीडियो को तोड़-मरोड़कर पेश करने की बात कही है। हालांकि ग्रामीण अधीक्षक की इस सफाई को मानने को तैयार नहीं हैं और उनका कहना है कि "अगर गुड़ खराब था तो शुरुआत से ही उसका उपयोग क्यों किया गया?"

### प्रशासन पर दबाव

घटना के बाद अब प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। मामले ने तूल पकड़ लिया है शिक्षा विभाग से उम्मीद की जा रही है कि वह मामले की जांच कर शीघ्र ठोस निर्णय लेगा। बालिकाओं के अभिभावकों ने भी कहा कि अधीक्षक पर लगे आरोप गंभीर हैं और ऐसे में छात्रावास की बच्चियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए दोषी पाए जाने पर अधीक्षक को तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए।

### ग्रामीणों का आक्रोश

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह घटना केवल लापरवाही नहीं, बल्कि ग्रामीणों और छात्रावास की बच्चियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उनका कहना है कि ऐसी सोच रखने वाले व्यक्ति को जिम्मेदारी के पद पर बनाए रखना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

स्वतंत्रता दिवस जैसे पवित्र अवसर पर सामने आया यह मामला प्रशासन की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों की मांग है कि इस गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में छात्रावासों में रहने वाली बालिकाओं का स्वास्थ्य और भविष्य सुरक्षित रह सके।

## गणपति के जयकारों से गूंजा नगर महाआरती का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

गणेशोत्सव पर श्री झूलेलाल गणेशोत्सव समिति सुभाष वार्ड के द्वारा महाआरती और छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया गया।भगवान गणेश की पूजा अर्चना की, महाआरती में भगवान गणपति से सभी परिवारों के लिए सुख समृद्धि के लिए कामना की,समिति के द्वारा रोजाना विविध आयोजन किये जा रहे हैं इसी तारतम्य में महाआरती में बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चों ने श्री गणेश भगवान की आराधना की और एक स्वर में जयकारे लगे। आरती में माँ रेवा कावड़ यात्रा समिति सदस्यों, पंडित रानूनाथ शर्मा,संध्या आरती मंच रपटा घाट के सदस्यों का योगदान रहा, महाआरती के दौरान बड़ी मात्रा में फूल बरसाए गए। इस अवसर पर भगवान गणेश की आकर्षक मूर्ति निर्माण के लिए मूर्तिकार शुभम प्रजापति को सम्मानित किया गया, आरती पूजा एवं छप्पन भोग प्रसादी में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, इस दौरान स्पार्कल आतिशबाजी की गई जो कि काफी मनमोहक रही, महाआरती के दौरान सिद्धि विनायक को छप्पन भोग के विविध व्यंजन प्रसादी का भोग लगाया गया, छप्पन भोग में अर्पित नाना प्रकार के व्यंजन परिवारों के द्वारा घरों से बनाकर लाए गए, भगवान गणेश की आरती के साथ माँ जगतजननी की आराधना की, आयोजन के अंत में परंपरागत पल्लव पूजा की गई। सभी शामिल जनों को महाप्रसादी का वितरण किया गया।



## हम फाउंडेशन मंडला द्वारा राष्ट्रगान का आयोजन का ये दूसरा माह



**मण्डला।** हम फाउंडेशन भारत सामाजिक संगठन द्वारा दिनांक 1 सितंबर को राष्ट्रगान का आयोजन किया गया दूसरा माह के राष्ट्रगान में इस बार दो मिनट राष्ट्र के नाम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा मुख्य अतिथि रहे हम फाउंडेशन शाखा जिला मंडला द्वारा प्रति माह एक तारीख को दो मिनट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत इस माह सितम्बर की एक तारीख को सुबह 9 बजे स्थानीय नेहरू स्मारक चौक पर भारत माता को चरण वंदन कर देश को नमन करते हुए राष्ट्रगीत का गायन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा। नियत समय पर 9 बजे कार्यक्रम हुआ सभी पदाधिकारी सदस्य 15 मिनट पूर्व पहुंचे। इस बार का कार्यक्रम पतंजलि योग समिति के सदस्य भी सम्मिलित हुए। हम फाउंडेशन की ये पहल जो कि है है राष्ट्र के नाम 2 मिनट इसमें मुख्य उद्देश्य है कि सभी संगठनों समाजसेवियों को एकजुट करने की है। लागातार यह प्रयास रहा है कि सभी को एकजुट करने की।

## भारतीय संस्कृति का परचम कैलिफ़ोर्निया में-काव्या-सुयश संघी ने की श्री गणेश स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं की गूंज अब सात समंदर पार भी सुनाई दे रही है। अमेरिका के कैलिफ़ोर्निया राज्य के ट्रेसी नगर स्थित 6178 ग्रानविले स्ट्रीट (ज़िप कोड 95377) पर मंडला निवासी आलोक–सरिता गोयल की सुपुत्री काव्या गोयल संघी एवं दामाद सुयश संघी ने श्रद्धापूर्वक श्री गणेश की स्थापना की है।

गणेशोत्सव के इस अवसर पर प्रतिदिन पूजन, आरती और भजनों का आयोजन हो रहा है। आस-पास के सभी हिंदू परिवार इसमें उत्साहपूर्वक शामिल होकर भारतीय संस्कृति, धर्म और परंपराओं का अनुभव कर रहे हैं।

इस अवसर पर आलोक गोयल ने कहा कि "यह हमारे लिए गर्व और आनंद का विषय है कि हमारी संतानें विदेश में रहते हुए भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों को उसी श्रद्धा और भक्ति से निभा रही हैं। यह परंपरा न केवल परिवार को जोड़ती है बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणादायी है।"

विदेश में बसे भारतीयों के लिए यह आयोजन न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम भी है। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजता यह पर्व यह संदेश दे रहा है कि भारतीय संस्कृति की धड़कनें हर कोने में जीवंत हैं।

**विरोध प्रदर्शन** | **राहुल गांधी ने स्तरहीन राजनीति को प्रोत्साहित किया-श्री मिश्रा।**

# राहुल गांधी की अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में महिला मोर्चा

*** कांग्रेस कार्यालय का किया घेराव।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत पूज्य माताजी को लेकर बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मंच से दी गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मण्डला द्वारा कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

इस दौरान महिला मोर्चा पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने केवल प्रधानमंत्री जी की माताजी का नहीं बल्कि पूरे देश की मातृशक्ति का अपमान किया है। यह कृत्य अक्षम्य है और देश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सुश्री शशि पटेल ने कहा कि "राहुल गांधी की यह सोच केवल एक परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश की माताओं और बहनों का अपमान है। ऐसी संकीर्ण मानसिकता को देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

वहीं नगर पालिका नैनपुर अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर राहुल गांधी ने करोड़ों भारतीयों की भावनाओं को ठेस पहुँचाई है। मातृशक्ति इसका सख्त विरोध करती है और कांग्रेस पार्टी को इसके लिए माफी मांगनी होगी।

जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि "कांग्रेस की यह ओछी मानसिकता केवल प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की माताओं और बहनों का अपमान है। भारतीय जनता पार्टी इसे कभी सहन नहीं करेगी और लोकतांत्रिक तरीके से कड़ा प्रतिकार करती रहेगी। महिला मोर्चा ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि देश की गरिमा और मातृशक्ति के सम्मान के लिए वे सदैव संघर्षरत रहेंगी।



विरोध प्रदर्शन के दौरान मातृशक्तियों में जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू कछवाहा प्रदेश मंत्री सुश्री शशि पटेल, भाजपा ग्रामीण्णहा अध्यक्ष अनीता तिवारी नगरपालिका नैनपुर अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, नगरपरिषद अध्यक्ष बम्हनी मीना हरदहा, नगरपरिषद अध्यक्ष बिछिया रजनी मरावी, श्रद्धा उईके करवेती, शिखा श्रीवास्तव, उमा यादव, ओमवती उइके, सीमा मरावी, दीपा श्रीवास, कौशल्या मरावी, प्रिया धुर्वे, कमला टांडिया, सारिका मिश्रा, श्रद्धा उइके करवेती, मनीषा ठाकुर, तरला कछवाहा, ज्योति परधान, मनीषा तिवारी, माया गुप्ता एवं बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व विधायक डॉ शिवराज शाह, पारस असरानी, विनय मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, , राजकुमार चौकसे, सूर्यकांत जंघेला, सहित सुशील मिश्रा, सुनील मिश्रा, नरेश कछवाहा, सौरभ गुप्ता, मयंक विश्वकर्मा, सचिन शर्मा, संजय गुप्ता, मोंटी मलिक, इशांक साहू, रानू ठाकुर, सर्वेश शुक्ला, बसंत चौधरी, अवधेश दुबे,सुधीर दुबे, रवि सोनवानी, श्याम दुबे,अंकित ज्योतिषी, मोनू शाह, झब्बू मिश्रा, मुकेश विश्वकर्मा, गोलू तिवारी, नरेश सिंधिया, हरीश गुरवानी,सत्यम मिश्रा, हबीब गौरी, अमन अग्रवाल,निम्बू शुक्ला, नयन, अंकित, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 16 गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की सकुशल वापसी, परिवारों में लौटी खुशियाँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार दिनांक 18 अगस्त 2025 से प्रदेश भर में संचालित 'मुस्कान अभियान' के तहत मंडला जिले में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस महानिरीक्षक, बालाघाट जोन श्रीमान के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान में मंडला जिले की 16 गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया है।

अभियान की प्रभावी निगरानी उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार चतुर्वेदी, महिला सुरक्षा शाखा, मंडला द्वारा की गई। मंडला जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों जैसे कोतवाली, नैनपुर, बीजाडांडी, घुघरी, मोतीनाला, टिकरिया, मनेरी चौकी एवं लिंगा पौंडी चौकी द्वारा किए गए अथक प्रयासों से इन बालिकाओं को देश के विभिन्न राज्यों केरल, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ से दस्तयाब किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मंडला – श्री पीयूष कुमार मिश्रा थाना प्रभारी – कोतवाली मंडला, नैनपुर, टिकरिया, घुघरी, मोतीनाला, चौकी प्रभारी – मनेरी एवं लिंगा पौंडी, प्रआर. अभिषेक मिश्रा, आरक्षक – प्रियंका मिश्रा, आनंद करी, सूर्यचंद्र बघेल, सुरेश भटेरी, इंद्र कुमार यादव, धंजय वल्के, युवराज कुलस्ते एवं सम्बंधित स्टाफ इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सतत परिश्रम, तकनीकी दक्षता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बालिकाओं की तलाश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस कार्यशैली ने न सिर्फ परिजनों को राहत दी, बल्कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत किया। मुस्कान अभियान का उद्देश्य गुमशुदा बच्चों की तलाश कर उन्हें सुरक्षित उनके परिवारों से मिलाना है।

**कार्यालय-ग्राम पंचायत खुर्सीपार, जनपद पंचायत मण्डला**

क्रमांक/a/2025

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत खुर्सीपार अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत दुकानदारों से मटेरियल सप्लायर को निविदा में आमंत्रित किया जाता है। सी.सी. रोड निर्माण कार्य रामदीन के खेत से पुलिया तक किया जाना है। अतः मटेरियल सप्लायर हेतु सीमेन्ट, गिट्टी, रेत, मुर्रम इत्यादि सामग्री की दर बंद लिफाफे में दिनांक 03.09.2025 से 10.09.2025 तक कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत खुर्सीपार में जमा कर सकते हैं।

सरपंच
ग्राम पंचायत खुर्सीपार
जनपद पंचायत मण्डला

सचिव
ग्राम पंचायत खुर्सीपार
जनपद पंचायत मण्डला

## गणेश उत्सव की धूम .....


नगर के रेल पुलिस थाने के पीछे स्थापित गणेश जी की प्रतिमा।


नगर की आनंद बिहर कालोनी में स्थापित गणेश प्रतिमा।


नगर शा उच्चत्तर विद्यालय के पास स्थापित गणेश प्रतिमा।


नगर की त्रिवेदी कालोनी में स्थापित प्रतिमा


नगर के गायत्री नगर में स्थापित की गई प्रतिमा।


नगर समीपस्थ चीचली में स्थापित गणेश प्रतिमा।

## अन्नदाता द्वारा खून पसीना एक करते हुये तैयार किये जाने वाले अन्न की बर्बादी होते देख लोगों की आंखें हो रही नम, जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते शासन के गेंहू को किस तरह किया जा रहा है बर्बाद...

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

नगर में अनेक परिवार इस तरह से होगे जो अपने बच्चों का पेट भरने के लिये दिन दिन भर जी तोड़ मेहनत करने के बाद बड़ी मुश्किल से शाम को दो किलो अनाज खरीदकर परिवार जनों की भूख मिल रहे है। क्योंकि गरीब परिवार ही इस तरह एक एक किलो अनाज की कीमत का महत्व समझ सकते है..? हर महिने लाखों रूपया की सेलरी लेने वाले अधिकारियों के सामने इस तरह अपना खून पसीना एक करते हुये तैयार किये जाने वाले अनाज का शायद कोई महत्व नही रहता है इसी का परिणाम है कि शासन के अनाज को खुलेआम बर्बाद करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? इस बात की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के रेलवे स्टेशन पर उस समय देखने मिली जब क्षेत्र के गोदामों में रखे हुये शासकीय गेंहू का रेल के माध्यम से कही बाहर परिवहन करने के लिये गेंहू रेल्वे स्टेशन पर पहुंचाया जा रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में बनी हुई शासकीय गोदामों में सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा गया भारी मात्रा में गेंहू रखा हुआ है। इस समय इस सरकारी गेंहू का स्थानीय रेल्वे स्टेशन से रेल के माध्यम से कही बाहर पहुंचाया जा रहा है। इस तरह नगर के रेल्वे माल गोदाम तक पहुंचाने के लिये जहां दर्जनों ट्रक लगे हुये है। मगर रेलवे माल गोदाम के पास की सच्चाई जिस तरह से देखने मिल रही है वह हैरत में डालने से नही चूक रही है। क्योंकि यहां पर कई क्विंटल गेहु खूले मैदान में पड़ा होने के चलते जहां मवेशियों को खाते हुये देखा जाता है। वही हद तक तब हो गई जब इस तरह रेलवे माल गोदाम परिसर में खुले बिखरे पड़े हुआ गेंहू बारिश के चलते आसपास के नालियों में बहते हुये देखा गया। इस तरह अन्नदाता द्वारा पैदा किये गये खून पसीने की कमाई को नालियों में बहते हुये देखकर जहां लोगों की आंखों में आंसू छलने से नही चूक पाये..? क्योंकि इस अनाज की कीमत सिर्फ वह गरीब परिवार के लोग समझ पा रहे होगे जिनके द्वारा एक एक किलों अनाज प्राप्त करने के लिये सुबह से ही जी तोड़ मेहनत करते हुये अपने बच्चों का पेट भरते हुये देखे जाते है। इस अधिकारियों की उदासीनता कही जावे या फिर लापरवाही का परिणाम जिसके चलते शासन का कई क्विंटल गेंहू खुलेआम रेलवे स्टेशन के आसपास नालियों में बहते हुये देखा गया। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह बारिश के पानी में जहां सरकारी अनाज भींगने के चलते खराब होने से नही बच पाया है तो दूसरी ओर बारिश के चलते नालियों में बह जाने की स्थिति में शासकीय कोटा में कम होने से भी नही चूक पाया है..? इसकी पूर्ति के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाती है यह सोचने बाली बात है..? क्योंकि गोदामों में रखे हुये माल का परिवहन करना एक शासकीय प्रक्रिया का हिस्सा होता है। मगर इस कार्य को मौसम का ध्यान रखते हुये किया जाता है। इस तरह शासन की रिकार्ड में दर्ज गेंहू की बर्बादी करने वाले जिम्मेदार के खिलाफ कार्यवाही होती है या फिर कागजो की कलाबाजी के चलते इसे पूरा कर दिया जावेगा..?







## अनेक जुआरी व सटोरिया और पुलिस की गिरफ्त में, नगद राशि जप्त करते हुये की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कहा जाता है कि जब कानून के रखबारे अपनी पर आ जावे तो अवैध धंधों को संचालित करने वाले क्षेत्र छोड़ने के लिये मजबूर हो जाते है। यदि पेहरेदारों की सहमति हो तो उनका कोई बाल भी बाका नही कर सकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नव नियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक की जोड़ी द्वारा जुंआरियों व सटोरियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही को देखते लग रहा है। बताया जाता है कि टीआई विक्रम रजक की टीम द्वारा जुंआरी व सटोरियों के खिलाफ लगातार धरपकड़ मुहिम चलाते हुये विगत दिनों अलग अलग स्थानों पर जुंआरी व सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में गाडरवारा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर की सांईधाम कालोनी में मुन्नू पिता गुलाब कहार निवासी बोदरी, सतीश पिता गणेश प्रसाद राय, राजेश पिता जीवन लाल चौकसे, आदर्श पिता विजय कौरव तीनो निवासी विवेकानंद वार्ड, नागेन्द्र पिता कैलाश गुर्जर निवासी भैसा हाल शनि मंदिर के पास जुंआ खेलते हुये मौके से पकड़ते हुये आरोपियों के पास से ताश पत्ते एवं नगदी 6200 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से एक अन्य दूसरे स्थान पर नितिन पिता संतोष शर्मा निवासी देगवा हाल पंचवटी कालोनी, सुरजीत पिता एलम सिंह पटैल विवेकानंद वार्ड राजकुमार पिता धरमदास कौरव निवासी भैसा अठ्ठाईसा, वीरेन्द्र पिता बैनी प्रसाद पटैल के पास से भी ताश पत्ते एवं नगदी 2500 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी ग्राम बांसखेड़ा बस स्टेन्ड पर बाबू पिता देवी सिंह कुशवाहा निवासी निरंजन वार्ड गाडरवारा, मोनू पिता मुन्ना लाल कौरव विवेकांनद वार्ड गाडरवारा से जुंआ खेलते हुये पकड़कर जुंआरियों के खिलाफ धारा 13 जुंआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकार से पुलिस ने अलग अलग जगहों पर छापे मार कार्यवाही करते हुये अनेक सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के स्टेशन रोड पर उमाशंकर पिता जगत नारायण पांडे निवासी महाराणा प्रताप को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड1कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 340 रूपया तथा चीचली तिरहा के पास शोभाराम पिता बाबू लाल धानक निवासी इमालिया के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 350 रूपया तो समीपस्थ सिहोरा चौकी पुलिस के अंतर्गत मेन बाजार सिहोरा में वीरू उर्फ सरमन पिता पूरनज प्रजापति निवासी ग्राम मनकवारा को सट्टा पट्टी के साथ पकड़ते हुये आरोपी के पास से नगदी 330 रूपया तथा ग्राम खुलरी में वीरेन्द्र उर्फ यशवंत नौरिया के पास से पुलिस ने सट्टा पट्टी व नगदी 350 रूपया जप्त किये गये। वही चीचली पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत चीचली की इन्द्रा कालोनी में रमजान पिता मुनीर अली को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 280 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से डोगरगांव पुलिस द्वारा ग्राम रायपुर हनुमान मंदिर के पास करन सिंह पिता मदन लाल झाकुर निवासी गांगई को सट्टा पट्टी काटते हुये रंगे हाथों पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 210 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से सांईखेड़ा पुलिस द्वारा नगर के मबेशी बाजार में गोलू पिता दुर्गा प्रसाद नौरिया निवासी पटैल वार्ड गाडरवारा को भी सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 300 रूपया जप्त करते हुये सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 4 का जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किये गये है।

### शराब पीने पैसा नही देने पर की मारपीट

गाडरवारा। नशे के आदि लोगों द्वारा अब अपनी लत पूरी करने के लिये खुलेआम लोगो से पैसा मांगते हुये देखे जाने लगे है। यदि इनके द्वारा पैसा मांगे जाने पर किसी के द्वारा मना किया जाता है तो वह मारपीट करने से भी नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर की पानी टंकी के पास देखने मिली जहां पर एक युवक से शराब के लिये पैसा मांगे जाने पर जब युवक द्वारा पैसा देने से इंकार किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नगर के हनुमान वार्ड निवासी एक युवक द्वारा अपनी शिकायत में बताया है कि जब वह अपने किसी काम से पानी टंकी के पास गया हुआ था उसी दौरान शिव उर्फ कूका ठाकुर नामक युवक द्वारा प्रार्थी से शराब पीने के लिये पैसो की मांगे प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किये जाने क बात पर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## पलोहा सहित सालीचौका पुलिस ने लगाई गुंडा व निगरानीशुदा बदमाशों की क्लास, शिकंजा कसने दिये सख्त निर्देश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कहा जाता है कि जब घर का मुखिया सख्त होता है तो परिवार में खुशहाली होने के साथ घर का कोई सदस्य मनमानी नही कर पाता है। इसी प्रकार का हाल शासकीय विभागों में भी देखने मिलता है। इस बात की सच्चाई पुलिस विभाग में फिलहाल दिखाई देना शुरू हो चुकी है। क्योंकि हाल ही में हुये बदलाब के बाद जिस तरह पुलिस को मादक पदार्थ सहित अन्य अपराधों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि नव नियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा सभी थाना प्रभारियों के लिये कार्यवाही करने की पूर्णरूप से छूट प्रदान कर दी गई है। वही दूसरी ओर बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिये दिये गये निर्देशों को लेकर बताया जाता है कि जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया है कि गुंडा एवं निगरानी सूची में शामिल बदमाशों पर सख़्त शिकंजा करने के साथ उन पर उन पर सतत निगरानी हेतु उन्ही के हाथों भरवाए डोज़यिर फॉर्म भरबाये जावे तथा सभी गुंडा एवं निंगरानी बदमाशों की हर गतिविधि पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जावे। इसी के चलते पुलिस द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शाबित होने की बता कही जा रही है। गुंडा एवं निगरानी सूची में शामिल अपराधियों पर सख़्त शिकंजा कसने व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी हेतु उन्हे थाने बुलाकर परेड लेते हुये डोजियर फॉर्म भरवाए रहे है। बताया जाता है कि इन डोज़यिर फॉर्म भरवाने की इस प्रक्रिया में बदमाशों से उनके व्यक्तिगत विवरण, आपराधिक पृष्ठभूमि, वर्तमान गतिविधियाँ एवं संपर्क स्रोतों की जानकारी ली जा रही है। विशेष बात यह बताई जा रही है कि यह डोज़यिर फॉर्म उन्हीं बदमाशों के हाथों से भरवाए गए, जिससे उन्हें यह स्पष्ट संदेश दिया जा रहा है कि अब उन पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और आपराधिक गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के चलते समीपस्थ पलोहा थाना पुलिस व समीपस्थ सालीचौका चौकी प्रभारी द्वारा अपने अपने क्षेत्र के गुंडा बदमाशों को बुलाते हुये उनकी क्लाश लगाकर सख्त आदेश जारी किये गये है।






## बीईओ कार्यालय में स्वागत कर नवाचारों को सराहा

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** स्थानीय बीईओ कार्यालय में सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे ने राज्य स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुये क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाली साँदीपनी विद्यालय साईखेड़ा की प्रथम शिक्षक श्रीमती प्रियंका अग्रवाल का बडे ही भव्यता के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित शिक्षकों से कहा कि अध्यापन में नवाचार के अलावा विषय पर गहरी समझ का होना बेहद आवश्यक है। क्योंकि तभी संगोष्ठी में बेहतर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुतिकरण किया जा सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा, विनय शंकर शर्मा, राजेश गुप्ता, चंद्रकांत साहू, के के दुबे, मनीष शंकर तिवारी, मधुसूदन पटैल, सिराज अहमद सिद्धिकी, राजेंद्र गुप्ता, राजीव नाहतर, प्रशांत पटैल, तुलसीकांत श्रीवास्तव, लिपिक किरण अग्रवाल, अमित पटैल, चंद्रकुमार अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थें।



### घर के अंदर घुसकर की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अर्जुनगांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब प्रार्थी का बेटा सागर पिता बाल किशन अहिरवार उम्र 19 साल अपने घर के अंदर सो रहा था उसी समय गांव के राम चरण गुर्जर, प्रदीप गुर्जर व हेमंत गुर्जर आये और जबरन घर के अंदर घुसकर प्रार्थी के बेटा से सागौन का पेड़ मजदूरी पर काटने की बात को लेकर गंदी गंदी गलिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

## जनशिक्षा केन्द्रो में शैक्षिक संवादों का हुआ आयोजन, कक्षा तीसरी से आठवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों ने लिया भाग



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में विकास खंड साईंखेडा एवं चीचली के समस्त जन शिक्षा केन्द्रो में कक्षा तीसरी से आठवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों का शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। इसी के चलते चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शैक्षिक संवाद को संबोधित करते हुए विकास खंड स्रोत समन्वयक डी के पटेल ने शैक्षिक संवाद के उद्देश्य, डिजाइन, संवाद की उपयोगिता तथा प्राप्त कौशलों का कक्षा कक्ष में उपयोग पर अपने विचार रखे। वही उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर एवं शैक्षिक संवाद प्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा अकादमिक विषय पर चर्चा के साथ विद्यालय और कक्षा कक्ष से जुड़े अनुभव, प्रतिभागियों को बातचीत के समान अवसर तथा संवाद के अंत में गुणवत्ता एवं फीडबैक पर चर्चा की गई। इसी प्रकार से साईखेड़ा के बीआरसी संदीप स्थापक, बीएसी मनीराम मेहरा तथा पवन राजौरिया द्वारा जनशिक्षा केंद्रों में आयोजित संवाद में उपस्थिति देते हुए विषय-प्रभावी शिक्षण में हिंदी शिक्षक संदर्शिका की भूमिका के अंतर्गत धारा प्रवाह पठन एवं समझ पर अनुभव, कक्षा प्रबंधन रणनीति के साथ साथ कक्षा में आवधिक आकलन इत्यादि पर उपस्थित प्रतिभागियों से विस्तृत संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा, सभी शिक्षक संवाद में मिले नवाचारो का प्रयोग अपने स्कूलों में करें। इसी क्रम में साईखेडा ब्लॉक के आदर्श स्कूल गाडरवारा, आमगांव छोटा, बम्होरी कला, पलोहा बड़ा, उत्कृष्ट साईंखेड़ा सहित अन्य जन शिक्षा केंद्रों में सहजकर्ताओं के माध्यम से शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया जिसमें सभी जन शिक्षा केंद्रों के प्राचार्य, जनशिक्षको, सहजकर्ताओं तथा कक्षा पहली दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों ने सहभागिता दी गई।

## मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ब्रांच कमेटी सालीचौका की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ब्रांच कमेटी सालीचौका की बैठक बीते हुये दिवस कामरेड लालसाहब वर्मा की अध्यक्षता में ब्रांच प्रभारी कामरेड जगदीश पटेल के मार्गदर्शन में कामरेड गंगाराम बघेले के निवास पर संपन्न हुई। बताया जाता है कि इस बैठक में ब्रांच सचिव कामरेड नरेंद्र वर्मा ने रिपोर्ट पेश करते हुये उस पर सभी साथियों ने अपने अपने विचार रखे। मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी में हमदर्द सदस्यों की नई भर्ती करने का निर्णय लिया गया, जिसमें सालीचौका के 25 नए पार्टी सदस्यों को चिन्हांकित किया गया। वही बैठक सालीचौका में व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं जन समस्याओं को चिन्हांकित किया गया जिसमें सालीचौका नगर परिषद है, रेलवे स्टेशन है, नगर में दो साप्ताहिक बाजार लगते हैं, कृषि उपज उपमंडी है, जनपद स्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, पशु चिकित्सालय है, शासकीय प्रायमरी स्कूल से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल, महाविद्यालय की स्वीकृति के साथ स्टाफ से लेकर भवन निर्माण व लेब बगैरह बुनियादी सुविधाएं न होने से नए ऐडमिशन लेने में छात्र छात्राएं को हो रही परेशानियों सहित अन्य मुद्दो पर चर्चा की गई। वही बताया जाता है कि बैठक में हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ वास्तविक गरीबों को दिए जाने, बीपीएल कार्ड, संबल कार्ड, सामाजिक, विकलांग, वृद्धावस्था विधवा पेंशन एवं शासन द्वारा प्रदत्त अन्य योजनाओं का लाभ दिलाए जाने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान से राशन लेने वाले हितग्राहियों को मशीन से पर्ची दी जावे जिससे पता चले वास्तविक अनाज कितना ओर कितने पैसे का है। वही पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों को बैंक द्वारा एंट्री और निकासी किए गए पैसे की पर्ची अनिवार्य दिए जाने सुनिश्चित की जावे। शासकीय भूमि पर मकान बनाकर रह रहे, आवास योजनांतर्गत निर्माण किए गए आवासों के सभी लोगों को स्थाई आवासीय पट्टे दिए जावे। वही क्षेत्र में चल रहे जुंआ सट्टे के अवैध कारोबार के आलवा शराब की अवैध विक्री पर रोक लगाने के लिये कार्यवाही की मांग करने तथा मांग पूरी न होने पर विरोध प्रदर्शन करने संबंधी चर्चाओं पर बल दिया गया।



## हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान के संकल्प पत्र का किया वाचन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सोमवार को क्षेत्रीय शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र का वाचन प्रार्थना सभाओ में किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा संकल्प लिया कि हम मिलकर अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित सहित हरित यानि की हरियाली से परिपूर्ण तथा प्रेरणास्पद बनाये रखेंगे। हम विद्यालय के संपदा- संसाधन तथा समय को राष्ट्र धन मानते हुए उनका संरक्षण और विवेक पूर्वक उपयोग करेंगे। हम विद्यालय में ऐसा वातावरण बनाएंगे जहाँ कोई भेदभाव नहीं होगा। हम शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण, आत्म विकास एवं समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे। हम इस विद्यालय को केवल एक संस्था नहीं अपितु संस्कार, सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्न शील रहेंगे। विदित हो कि इस संकल्प पत्र के वाचन के निर्देश लोक शिक्षण संचालनालय मप्र द्वारा दिए गये थें। इसी के परिपालन में सोमवार को नगर सहित क्षेत्र की सभी शासकीय शिक्षण संस्थाओं में यह आयोजन किया गया।





### मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़े रहने वाले बडे वाहन बन रहे परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से सड़कों पर यातायात बढ़ रहा है। उसके चलते आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात होती चली जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गाडरवारा पिपरिया मार्ग पर जिस प्रकार से बड़े वाहनों की धमाचौकड़ी मची हुई उसके चलते आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते आम लोगों की जान खतरे में पड़ रही है, मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस मार्ग पर सड़क किनारे बने हुए ढ़ाबो पर जिस प्रकार से सड़क किनारे बड़े वाहन खड़े रहते है उसके चलते यातायात प्रभावित तो हो ही रहा है साथ ही साथ आम लोगों की जिन्दगी भी खतरे से खाली नही है..? बताया जाता है कि नगर के समीप शांति दूत तिरहा के पास से लेकर कामती की ओर जाने वाले मार्ग पर बडे वाहनों में ट्रक व डम्फर इस प्रकार से खड़े कर दिये जाते है जिसके चलते जब यहां से छोटे वाहनों व स्कूली बच्चों का निकलना होता है तो उन्हें आगे का मार्ग दिखाई ही नही पड़ता है। कुछ इसी प्रकार का हाल इस मार्ग पर कामती व सांईखेड़ा की ओर जाते वक्त रास्ते में पड़ने वाले ढ़ाबों के पास देखा जाता है जहां पर दिन दिन भर इन बड़े वाहन चालको द्वारा अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा करते हुए भोजन करने में लग जाते है और आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए छोड़ दिया जाता है। इस प्रकार से सड़क किनारे खडे होने वाले वाहनों की ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने से लग रहा है कि शायद प्रशासन द्वारा किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार किया जा रहा हो? क्योंकि सड़को के किनारे ढ़ाबाओं का संचालन करने वालो द्वारा अपने स्वार्थ के चलते कारोबार तो किया जा रहा है। मगर उनके द्वारा इन वाहनों के पार्किंग हेतु कोई उचित व्यवस्था नही बनाई गई है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गाडरवारा**
**जिला -नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**इश्तहार सूचना**
**भवन/प्लाट नामांतरण सूचना वर्ष 2025-26**
**क्र. 1369 / राजस्व शाखा /न.पा.प. /2025**
**गाडरवारा दिनांक 28.08.2025**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामांतरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज दिनांक 28/08/2025 से 30 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित अपत्तियाँ मान्य नही की जावेगी।
**प्र.क्र.-** 184/1, 25/26
**वार्ड का नाम-** बीजासेन,
**मकान/प्लाट -** मकान
**सम्पत्ति हस्ता. का माध्यम-** शपथ पत्र डिमांड नकल,
**हस्तातरण का नाम-** सायरा बानो, आसिक मुस्कान, हबीब, जुबेदा, महबूब एवं अन्य सभी वारसान
**हस्तातरण कर्ता का नाम-** जुबेदा बी W/O स्व. मतीन खान, पुत्र महबूब, मकसूद खान
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गाडरवारा**

**खबर संक्षेप**

## निराश्रित गौवंश को मनरेगा गौशालाओं में मिलेगा आश्रय

डिंडौरी। जिले में महात्मा गांधी नरेगा से निर्मित गौशालाओं में गौवंश की रख-रखाव की समीक्षा कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा समय-सीमा बैठक में की गई। जिले में निर्मित गौशालाओं में गौवंश का रख-रखाव करने तथा निराश्रित गौवंश को गौशालाओं तक पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गौशालाओं का निरीक्षण आजीविका मिशन के विकासखण्ड प्रबंधक के साथ करते हुये स्व-सहायता समूह को सक्रिय करें। जिले में कोई भी निराश्रित गौवंश सडकों पर घूमता न पाया जाए, इसके लिये शासन द्वारा गौशाला एंव चारा भूसा की समुचित व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायत मे मुनादी कराते हुये निराश्रित गौवंश का चिंहाकन एक सप्ताह मे किया जाकर सभी निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में पंहुचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में सौ-सौ पशुओं की क्षमता वाली गौशालाएं निर्मित है। जनपद पंचायत अमरपुर में किसलपुरी, बजाग में करोपानी, डिण्डौरी में रूसामाल, करंजिया में मौहत्तरा, मेंहदवानी में डोकरघाट, समनापुर में मुकुटपुर और शहपुरा में केंहेजरा में महात्मा गांधी नरेगा से वर्ष 2019-20 में गौशाला का निर्माण एवं चारागाह की व्यवस्था की गई है। पशुपालन विभाग, गौसंवर्धन बोर्ड द्वारा प्रत्येक गौशाला में सौ पशु होने पर चालिस रूपये प्रति पशु के मान से चारा भूसा के लिये सहायता प्रदान की जाती है और एनआरएलएम के स्व-सहायता समूह के सदस्यों को मनरेगा से पशुओं के रख-रखाव करने पर मजदूरी भी दी जाती है।

## गोली मारकर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

डिंडौरी। जिले में मीडिया सेल प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, अभियोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना मेंहदवानी के अपराध क्रमांक 182/2024 सत्र प्रकरण क्रमांक 66/2024 में आरोपी रामदयाल मरकाम पिता बारेलाल मरकाम उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कोंडाझिर, थाना बजाग जिला डिंडौरी को न्यायालय ने कठोर दंड सुनाया है। माननीय न्यायालय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश डिंडौरी ने आरोपी रामदयाल को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 4000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 27(1) आर्म्स एक्ट में 5 वर्ष कठोर कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में क्रमशः 3 माह एवं 1 माह अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। घटना 22 जून 2024 की रात लगभग 9:30 बजे की है। प्रार्थी ने बताया कि उसका परिवार खेती किसानी करता है और उसके घर के पास आरोपी रामदयाल मरकाम का मकान है। रामदयाल का बेटा विगत 3-4 वर्षों से प्रार्थी के घर पर रहता था, जिसे लेकर आरोपी अक्सर विवाद करता था। घटनाक्रम के अनुसार, विवाद के दौरान आरोपी रामदयाल ने गाली-गलौज करते हुए प्रार्थी के घरवालों को धमकाया और फिर अपने आंगन में खड़े होकर भरमार बंदूक से प्रार्थी के पिता पर गोली चला दी। गोली सीने में लगने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज किया और विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य जुटाकर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को उपर्युक्त दंड से दंडित किया।



वनवासी मोहल्ला अमरपुर में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा



यादव परिवार अमरपुर में स्थापित श्री गणेश की प्रतिमा



अशोक चौक रामगढ़ में स्थापित प्रथम पूज्य गणेश जी की प्रतिमा



बाजार चौक अमरपुर में स्थापित गणराजा की भव्य प्रतिमा



जनपद पंचायत तिराहा अमरपुर में स्थापित गजानन की आकर्षक प्रतिमा

# प्रतिबंध के बाद भी ग्राम पंचायत में सोलर लाईट लगा कर एलईडी के नाम पर किया 7 लाख का भुगतान





## शासन की आंखों में तीखी मिर्ची झोंक रहे जिम्मेदार, शासन को लगा रहे पलीता

**डिंडौरी**। जिले के मझियाखार में कुछ दिनों पहले भाजपा जिलाध्यक्ष के आगमन के नाम पर वाहन व्यय में हजारों रुपए व्यय किए जाने का मामला पूरे सूबे चर्चा का विषय बना था, लेकिन अब उससे भी बड़ी धांधली और फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत मझियाखार में विद्युत सामग्री सप्लाई करने वाले ठेकेदार ने सरपंच, सचिव और अधिकारियों से मिलकर शासन के आंखों में मिर्ची झोंकने का काम किया है इसके बावजूद भी जिम्मेदार नहीं जागे, जिसके चलते ठेकदार ग्राम पंचायतों को जमकर चूना लगा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश शासन नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग मंत्रालय द्वारा ग्राम पंचायतो सहित स्थानीय निकायों एवं सरकारी संस्थाओं में सोलर लाईट खरीदी/लगाने में 07 अक्टूबर 2024 को प्रतिबंध लगाया गया है, क्योंकि शासन के संज्ञान में आया है कि सोलर लाईट बहुत जल्द अनुपयोगी हो जाते हैं, और उपयोगित राशि व्यर्थ हो जाती हैं,जिसके चलते सोलर लाईट/सोलर ट्री,/सोलर स्टड/सोलर हाई मास्ट को प्रदेश के शासकीय संस्थानों में प्रतिबंधित किया गया है। लेकिन ग्राम पंचायत मझियाखार के सरपंच सचिव और ठेकेदार ने मिलकर शासन के निर्णय और आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए एलईडी खरीदी के नाम पर वंश सोलर एनर्जी को 789000 रु का भुगतान 28/06/2025 को किया है। जबकि गांव में एलईडी की बजाय सिर्फ 30 नग प्रतिबंधित सोलर लाईट लगाए गए हैं।

# किसान कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**अमरपुर**। ब्लॉक किसान कांग्रेस अमरपुर द्वारा किसानों के मुख्य समस्याओं को लेकर 1 सितंबर सोमवार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन, रैली एवं सभा आयोजित कर मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन थाना समनापुर प्रभारी को सौंपा गया। जबकि किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राऐ सिंह मरकाम द्वारा 29 अगस्त को सूचना पत्र जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला खाद्य अधिकारी डिंडौरी को दिया गया था। परंतु पुलिस विभाग के अलावा रैली एवं सभा स्थल पर किसी भी विभाग के जवाबदार अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचे। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मुख्य समस्या लेम्पस भानपुर से क्षेत्रीय किसानों को सही समय में जरूरत अनुसार खाद नहीं दी जाती, आरोप तो यह भी हैं कि रसूखदारों को अधिक मात्रा में दे दी जाती हैं। गरीब किसान ब्लेक में 600 रूपए प्रति बोरी खरीदना मजबूरी बन जाती हैं। लेम्पस अंतर्गत 9 उचित मूल्य दुकान संचालित हैं। जहां 4 दुकान में एक ही विक्रेता होने के कारण समय में उपभोक्ताओं को खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा हैं। विक्रेता भर्ती करने की मांग की गई हैं। साथ ही क्षेत्र में बिजली की समस्या हमेशा बनी रहती हैं, विद्युत उपकेंद्र भानपुर में निर्माणाधीन हैं। शीघ्र पूर्ण होने से समस्या हल हो सकती हैं। रेत की भारी वाहन चलने से सड़कें भी जर्जर हो चुकी हैं जिसे मरम्मत कार्य कराया जावे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 600 छात्रों की दर्ज संख्या हैं। जहां पर एक ही शिक्षक कार्यरत हैं, तत्काल शिक्षकों की व्यवस्था किया जावे। जिले में धान उपार्जन की मात्रा बढ़ाकर प्रति हेक्टर 40 क्विंटल खरीदा जाये। आयोजित सभा के मुख्य रूप अतिथि के रूप में महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि मोहन यादव ने प्रदेश को नशे का हक बना दिया गया हैं। जहां सभी प्रकार के नशीली सामग्री आसानी से उपलब्ध हो रहा हैं। इनके अलावा सभा को किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राय सिंह मरकाम, कांग्रेस ब्लॉक प्रभारी तोक सिंह मरावी, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष केवल कृष्ण नेटी आदि ने संबोधित किए। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भानपुर मंडलम अध्यक्ष खालिद खान, वरिष्ठ कांग्रेसी हसन खान, मकसूद मंसूरी, ईश्वर प्रसाद यादव, मत्ते सिंह पट्टा, सोशल मीडिया विधानसभा अध्यक्ष देव सिंह भारती, शान मंसूरी, समाज कल्याण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष लियाकत अली, आदिवासी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेश पाटले, ब्लॉक उपाध्यक्ष चमरू सिंह चड़चड़िया, मोहन मोंगरे, बलराम राजपूत, सुदीप बर्मन सहित अन्य पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं क्षेत्रीय किसान भारी संख्या मौजूद रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न, विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा





**डिंडौरी**। कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत विद्यालयों में नामांकन की स्थिति पर चर्चा से हुई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें, ताकि शत-प्रतिशत बच्चों को शिक्षा का लाभ मिल सके। इसके बाद जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाबों की स्थिति की समीक्षा की गई तथा जल जीवन मिशन के कार्यों और उनकी प्रगति की ानकारी ली गई। कलेक्टर ने मनरेगा योजना के तहत बनाए गए निर्माणाधीन अमृत सरोवर, कूप निर्माण, खेत तालाब, जल गंगा संवर्धन, वृक्षारोपण कार्यों की निरीक्षण के लिए अपर कलेक्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त जिला अधिकारी को मनरेगा योजना के तहत जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत बनाए गए तालाब एवं अन्य कार्यों का जिला अधिकारी आगामी बैठक में निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।कलेक्टर ने खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण एवं अन्य खनन से संबंधित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आरईएस विभाग सहायक यंत्री शहपुरा को सडक के किनारे सार्वजनिक नर्मदा परिक्रमा पथ के दोनों किनारे 15 अगस्त तक वृक्षारोपण कार्य किया जाना था परन्तु वृक्षारोपण में की गई लापरवाही पर संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, साथ ही साथ वृक्षारोपण चिन्हित स्थानों पर संबंधित एसडीएम को निरीक्षण करने करने को कहा। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शासकीय भवन हैण्डओवर के समय टेक्नीकल समिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर ही नवीन भवन को हैण्डओवर लिया जाए, जिसमें एसडीएम, संबंधित विभाग का सहायक यंत्री होंगे। कलेक्टर ने डीपीसी और ई-गर्वनेंस को स्कूल, छात्रावास, आश्रम के बच्चों के शत प्रतिशत सार्थक ऐप के माध्यम से लगाने की पूर्ण कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ ई-गर्वनेंस को कहा कि जिले के ऐसे व्यक्ति या बच्चों की सूची तैयार की जाए जिनकी किन्हीं कारण से आधार कार्ड तैयार करने या अन्य कोई दस्तावेज बनाने में दिक्कतें आ रहीं है उनकी सूची तैयार कर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि भोपाल से समन्वय कर संबंधित हितग्राहियों की समस्या का निराकरण की जा सके। कलेक्टर ने जिले के आपदा राहत प्रकरण, पीएम किसान सम्मान निधि, राजस्व वसूली पर तहसीलदारों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सर्व शिक्षा अभियान के सहायक यंत्री को स्कूल मरम्मत एवं अन्य निर्माण कार्य संबंधी पर समीक्षा की जाने थी। परन्तु सहायक यंत्री के द्वारा बिना सूचना दिए समय सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने पर डीपीसी के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एमपीईबी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आपके स्थापित विद्युत सब-स्टेशन या लगे ट्रासंफार्मर भूमि पर किए गए अतिक्रमण को तहसीलदार और एसडीएम की सहायता से हटाए जायें। जिले में संचालित वेयर हाउस और मिलिंग की नियमित रूप से संबंधित एसडीएम नियमित रूप से निरीक्षण करें ताकि जिले के आम जनता को खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी जा सके। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने हेतु एसडीएम, तहसीलदार को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त सीईओ को इे-केवाइसी, समग्र आईडी, आधार कार्ड, राहत प्रकरण, अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि, सर्पदंश के प्रकरण एवं पोर्टल इनरोलमेंट, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा को लेकर भी कलेक्टर ने विशेष निर्देश दिए और कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार रोजगारमूलक योजनाओं के तहत स्थापित बैंक पोस्ट का भी परीक्षण किया गया। कलेक्टर ने राजस्व विभाग एवं तहसीलदारों द्वारा नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। आधार वितरण, ई-केवाईसी, डुप्लीकेट ई-केवाईसी, राशन कार्ड एवं खाद्य विभाग की योजनाओं की भी जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता के साथ मिलना चाहिए। बैठक में मनरेगा कार्यों की स्थिति, पंचायत के निर्माण कार्य, वन अधिकार पत्र वितरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसके अलावा विभिन्न विभागों से जुड़े अन्य मुद्दों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे पात्र हितग्राहियों तक पहुँचना ही हमारी पहली प्राथमिकता है।



## शैक्षणिक संस्थाओं एवं छात्रावासों का निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश

डिंडौरी। कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी बजाग रामबाबू देवांगन के सतत प्रयासों से क्षेत्र के छात्रावास, स्कूल, शालाओं, आश्रम एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थाओं की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाना तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराना है। एसडीएम बजाग ने संबंधित पटवारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले छात्रावास, आश्रम, माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं, आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान वहीं पर मध्यान्ह भोजन कर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण करें और आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दें। इसी क्रम में आज पटवारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। पटवारी विक्रम सिंह नेताम ने एकीकृत माध्यमिक शाला धनौली, विजय सिंह नेताम ने प्राथमिक शाला बघरेली रैयत तथा प्रवीण सोलंकी ने शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बौना का निरीक्षण किया। ग्राम मूसामुंडी माल में भोजन के दौरान सोयाबीन सब्जी एवं दाल परोसी गई, जिसकी गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। साथ ही इसे और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए गए।

## गुरुवार को होगा छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच का रंगारंग कार्यक्रम



डिंडोरी। शहपुरा क्षेत्र के ग्राम रनगांव-जिमरा मार्ग दुबट्टा में आने वाले गुरुवार, 4 सितंबर को छत्तीसगढ़ी लोककला मंच का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लोकगायक लक्ष्मी दास और लोकप्रिय लोकगायिका अंजू कुलदीप अपने सुमधुर स्वरों से "मयारू के संदेश" कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और लोककला को बढ़ावा देना है। आयोजन स्थल पर पारंपरिक लोकगीत, नृत्य और छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ी झलकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जिससे दर्शक लोककला की अनूठी छटा का आनंद ले सकेंगे।

# शहपुरा में सुना गया प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम



## 125वें एपिसोड पर बूथों पर जुटे कार्यकर्ता, मातृशक्ति की रही विशेष सहभागिता

**शहपुरा**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 125वां एपिसोड शहपुरा मंडल के सभी बूथों पर रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ सुना गया। शहपुरा नगर शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 76, श्रीराम मंदिर वार्ड में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीयजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष घनश्याम कछवाहा, बूथ अध्यक्ष एवं पार्षद सुरेन्द्र साहू, राजेन्द्र सोनी, सत्येन्द्र जैन, नारायण कछवाहा, अशोक साहू, रवीश साहू, लाला कछवाहा सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। मातृशक्ति की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही, जिनमें शारदा कछवाहा, रिया कछवाहा व रमा कछवाहा प्रमुख रूप से सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी, युवाओं की भूमिका और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर बल दिया। सभी ने मनोयोगपूर्वक कार्यक्रम सुना और प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरणा ली। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने राष्ट्रहित में संकल्प भी लिया।

# आजादी के 78 साल बाद भी आदिवासियों की जिंदगी अंधेरे में

## सरकार का ये कैसा खेल..न बिजली न मिट्टी का तेल..?









### विकास खंड मेंहदवानी के ग्राम डुलहरी का मामला

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**। विकास खंड मेंहदवानी के ग्राम डुलहरी के झदवा टोला एवं ओड़ा टोला के लगभग 50-60 आदिवासी परिवार आज भी बिजली के लिए तरस रहे हैं। यहां शासन प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। आजादी के 78 वर्ष गुजर जाने के बाद भी यहां के रहवासियों को सरकार बिजली मुहैया कराने में नाकाम रही है।

### खंबे हैं पर तार नहीं

जानकारी के अनुसार पूर्व में केन्द्र सरकार की सौभाग्य योजना के तहत डुलहरी ग्राम के ओड़ा टोला तथा झदवा टोला के प्रत्येक घरों में बिजली कनेक्शन दिया जाना था परन्तु तत्कालीन ठेकेदार द्वारा लगभग 40-45 खंबे गड़ाकर बिजली केबिल लाइन नहीं लगाया गया है तब से लेकर अभी तक यहां न बिजली तार खींचा गया है और न ट्रांसफार्मर लगाया गया है।

### डिजिटल युग में कैसे जिएं बच्चे,

अंधेरे में बिना बिजली और बिना मिट्टी तेल के जिंदगी जी रहे अंगद सिंह,परसादी,ननकु, उमेश सुन्नु, रतन, केशु, नानू,गंगा,बसोरी, सुरेश,सुन्दो बाई तथा साम बाई सहित अन्य ग्रामीण आदिवासियों ने बताया कि सरकार बिजली भी नहीं दे रही है और न ही मिट्टी तेल दे रही है जिससे अंधेरे में जिंदगी गुजार रहे हैं। बिजली के न होने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

### विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से लगी है लोगों की आस

अंधेरे में जीवन यापन कर रहे आदिवासी क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से आस लगाए बैठे हैं वो उनके घरों को रोशन करेंगे क्योंकि चुनाव के पहले उन्होंने सब आदिवासियों के घरों में बिजली पहुंचाने का वायदा किया था। यहां के रहवासियों ने मतदान केंद्र जिताया है। चुनाव जीतने के बाद विधायक जी को बिजली की याद दिलाई है परन्तु आज तक यहां के लोगों के घर तक बिजली नहीं पहुंच पाई है।

## खबर संक्षेप

### ठा. कपिल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस भोपाल में आयोजित अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक में संगठन विस्तार कार्यक्रम में नरसिंहपुर जिले के ग्राम कुमहरोड़ा निवासी ठा. कपिल सिंह को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव गंगा चरण सिंह राजपूत एवं मध्य प्रदेश के लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश नरवरिया ने आगामी समय में मध्य प्रदेश में लोधी समाज सभी जिलों में संगठन के कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की। ठा. कपिल सिंह की इस नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों नें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### काव्यपाठ से की गजानन की आराधना



**नरसिंहपुर।** श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में आध्यात्मिक काव्य गोष्ठी का अनूठा आयोजन किया गया। कवियों ने अपने-अपने काव्य पाठ सुनाकर गजानन की आराधना की। गणनायक वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में गणपति महोत्सव में रखी गोष्ठी की शुरुआत प्रथम पूज्य के पूजन हुई। कवि नरेन्द्र सराठे, अनिल नेमा, बुद्धिप्रकाश विश्वकर्मा, सत्यम नेमा , प्रशांत शर्मा सरल, कपिल शर्मा, संचालन कर रहे कवि कुंज बिहारी यादव कुंजन ने अपनी भावनाएं आज गणराज के द्वार आये हैं हम। विश्वास जाटव, शशिकांत मिश्र, सतीश तिवारी आभार व्यक्त सुशान्त पुरोहित ने किया। उक्त मौके पर संजय जैन, अनंत पांडे, आचार्य कृष्णकांत उदेनिया, आचार्य विनोद मिश्रा, सजल चैकसे, अरुण शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, दुर्गेश कुमरे आदि मौजूद रहे।

### शासन का रवैया पेंशनर्स के प्रति उदासीन



**नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नरसिंहपुर की बैठक सम्पन्न हुई। मध्य प्रदेश पेंशनर्स क्रांतिकारी मोर्चा के प्रमुख श्री डी पी दुबे के आव्हान पर बरिया वाले हनुमान जी के प्रांगण में नरसिंहपुर अध्यक्ष अनिल राय द्वारा बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में प्रांतीय निकाय के आवाहन पर पेंशनरों के प्रति निरंतर शासन द्वारा लगातार उपेक्षा किए जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में संरक्षक रमाकांत गुप्ता, पी एस राघव जिला अध्यक्ष शिवकुमार पटेल, अध्यक्ष तहसील शाखा नरसिंहपुर अनिल राय, अध्यक्ष विद्युत फेडरेशन, गणेश चतुर्वेदी, एस के शर्मा, रुप कुमार सोनी, चन्द्रभान साहू आदि पेंशनर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### रेडक्रास सोसायटी मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**नरसिंहपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी, शाखा नरसिंहपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया गया है कि सोसायटी के पुनर्गठन एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन के संबंध में जिला शाखा के सदस्यों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन एक सितम्बर को किया गया है। सदस्यों की मतदाता सूची कार्यालय कलेक्ट्रेट नरसिंहपुर व अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नरसिंहपुर और भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा नरसिंहपुर में चस्पा की गई है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

### कु. नेहा दुबे का स्वर्गवास

**गोटेगांव।** विगत दिवस समीप ग्राम बिछुआ के प्रतिष्ठित ग्रामवासी कैलाश दुबे की सुपुत्री कुमारी नेहा



दुबे उम्र 20 वर्ष का स्वर्गवास हो गया, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की युवती थी, आप के निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनीतिक सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों व व्यापारियों ने शामिल होकर स्थानीय मुक्तिधाम में दाहसंस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्री नेहा दुबे कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पितकर शोकसंतृप्त परिवारजनों के प्रति शोकसंवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवारजनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

## भाजपाजनों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध, कांग्रेस पार्षद ने थामा भाजपा का दामन

# मातृशक्ति को अपमानित करना कांग्रेस की परंपराः रामस्नेही

**सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय सुभाष पार्क चौराहे पर प्रदर्शन करते रैली निकाली गई तथा कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर घेराव किया गया। वही जवाब मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा फूल भेंट कर चॉकलेट वितरित करते हुए कहा गया कि मातृशक्ति हमारे लिए पूजनीय है हम सबका सम्मान करते है। वही कांग्रेस पार्षद द्वारा कांग्रेस की बयानबाजी से द्रवित होकर भाजपा का दामन थाम लिया।**

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।







प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता जी के खिलाफ बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में उनके मंच पर कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा एवं समस्त संगठन के तत्वाधान में स्थानीय मुशरान पार्क चौराहे से जिला कांग्रेस कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला गया तत्पश्चात कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर जोरदार नारेबाजी की गई एवं मातृशक्ति का अपमान करने पर राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की गई और अगर उनके द्वारा महिलाओं के सम्मान में माफी नहीं मांगी जाती है तो यह विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में विभिन्न मातृशक्तियों ने मोदी जी की माता के खिलाफ दिये गये वक्तव्य के विरोध में अपने अपने विचार प्रस्तुत किए व जोरदार नारेबाजी की गई।

### मर्यादा का हो रहा उल्लंघन

भाजपा जिलाध्यक्ष राम स्नेही पाठक ने कहा कि बिहार की एक सभा के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से प्रधानमंत्री की माता जी को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की गई। इस टिप्पणी से भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के साथ देश के बुद्धिजीवी एवं संभ्रांतजन भी आक्रोशित हैं। देश और दुनियाभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाए कांग्रेस नेता अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। नफरत की आग में जलने वाली कांग्रेस और उसके सहयोगी दल राजनीतिक मर्यादा और राजनीतिक सुचिता को छोड़कर असभ्यता की सीमा लांघ चुके हैं। वही तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने कहा की कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की माता जी ही नहीं देश की सभी माता-बहनों का अपमान किया है। मातृशक्ति को अपमानित करना कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं की संस्कृति व परंपरा बन गई है।

### कांग्रेस पार्षद ने दिया इस्तीफा

कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं पर की जा रही अपमानजनक टिप्पणियों से नाराज होकर कांग्रेस पार्षद काजल सोनेलाल ने दिया पार्टी से इस्तीफा दिया भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई। काजल सोनेलाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूर्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिलाओं को शराबी बताया था और अब देश के प्रधानमंत्री मोदी की मां जो अब इस दुनिया में नहीं है को कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मंच से अपशब्द कहे जा रहे है। जो असहनीय व घोर निंदनीय है अतः मैं महिला विरोधी बयानों से क्षुब्ध होकर कांग्रेस पार्टी प्राथमिकी सदस्यता से इस्तीफा देती हूं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन शक्ति बागड़े एवं आभार सरवरी सिद्धकी ने किया।

### पुष्पभेंट कर किया सम्मान

भाजपाजनों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित कांग्रेस कार्याकर्ताओं ने भी नारेबाजी करते हुए महिला मोर्चा की पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को फूल भेंट कर उन्हें चॉकलेट प्रदान की। सुनील जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है भाजपा मूल मुद्दों से ध्यान भटकने के लिए विवाद खड़ी करती है। महिला कांग्रेस की प्रदेश पदाधिकारी अर्चना राय ने कहा कि नरसिंहपुर जिले से लेकर पूरे देश में कांग्रेस ने महिलाओं को सम्मान किया है। जबकि भाजपा के नेताओं के कृत्य किसी से छिपे नहीं है। इस अवसर पर विजय आजाद, अस्सू नेमा, बॉबी खान, अतुल चैरसिया, रोहित पटेल, विवेक पटेल, ऋषिराज मुस्कराया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिताएं आयोजित





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

सरस्वती शिक्षा परिषद की कार्य योजनानुसार जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव, ज्ञान-विज्ञान वैदिक गणित प्रतियोगिता सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी सुनील कोठारी संस्था अध्यक्ष निरंजन सिंह पटैल जिला संस्कृति महोत्सव प्रभारी अनिल अग्निहोत्री वरिष्ठ पूर्व आचार्य अरुण दुबे संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटैल की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। शिशु बाल, किशोर एवं तरूण वर्ग व्यक्तिगत गीत, एकल भजन, शास्त्रीय गायन, नृत्य, तबला वादन, निबंध, रगोंली, चित्रकला कथाकथन व तात्कालिक भाषण, प्रश्नमंच, गीता पाठ, मूर्ति कला , वैदिक गणित, विज्ञान प्रश्न मंच पत्र वाचन विज्ञान मॉडल प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिये शुभकामनाएं दी। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष महन्त प्रीतमपुरी गोस्वामी, विद्यालय प्रबंधन संमिति सदस्य अजय प्रताप सिंह की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता निर्णायकों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था प्राचार्य श्री कुर्मी द्वारा सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान दिलया संकल्प

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत शिक्षकों, अभिभावकों व विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण व समाजसेवा का संकल्प दिलाया गया। शिक्षक तरुवर पटेल ने विद्यालय में 650 विद्यार्थियों, 50 अभिभावकों व 30 से अधिक स्टाफ सदस्यों को संकल्प दिलाया कि हम अपने विद्यालय को संपदा-संशाधन तथा शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास और समाजसेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे। विद्यालय को केवल एक संस्था नहीं बल्कि संस्कार, सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील रहेंगे। हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है। हमारी आत्मा का अभिमान और राष्ट्र निर्माण का आधार भी है। संकल्प के बाद विद्यालय प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी ने कहा कि भारतीय दृष्टि में शिक्षा का ध्येय केवल रोजगार नहीं बल्कि संपूर्ण मनुष्य का निर्माण है। विद्यालय हमें संस्कार, स्वास्थ्य और अनुशासन जैसी महत्वपूर्ण धरोहर देते हैं। भारतीय गुरुकुल परंपरा में स्वच्छता और अनुशासन से ही उत्कृष्ट व्यवस्था, प्रेरणा और आदर्श संभव है। भारतीय दृष्टि में संपत्ति व्यक्तिगत नहीं सामूहिक होती है। विद्यालय की हर वस्तु राष्ट्र की धरोहर है। इनका संरक्षण हमें जिम्मेदार नागरिक बनता है। संकल्प के दौरान बड़ी संख्या मे ग्रामीण व शिक्षक मौजूद रहे।

# श्री राधाष्टमी पर्व पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



श्री गीता निकुञ्ज आध्यात्मिक संस्थान के संयोजन में श्री राधाष्टमी उत्सव पूज्य महंत श्री बालकदास जी महंत श्री देव राम जानकी मन्दिर गाडरवारा के मुख्य अतिथि एवं पूज्य स्वामी अमृतानंद धर्माचार्य बापू कुटी नरसिंहपुर की अध्यक्षता एवं श्रद्धेय शशिकांत मिश्रा गीता निकुञ्ज संस्थान के व्याख्याकार, जयनारायण शर्मा प्रदेश संयोजक गीता निकुञ्ज आध्यात्मिक संस्थान एवं श्रीमती यमुना विश्वकर्मा गीता निकुञ्ज आध्यात्मिक संस्थान की संस्थापक सदस्य एवं कोषाध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया जिसमें राधा जी के जीवन व प्रादुर्भाव एवं उनकी प्रेम-भक्ति के पावन चरित्रों पर व्याख्यान का हुआ आयोजन। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराधारानी जी एवं भगवान श्रीकृष्ण जी के पूजन आरती से किया गया। अतिथियों वक्ताओं के विचारों की प्रस्तुति के उपरांत कुमारी आराधना भार्गव जी सदस्य श्री गीता निकुञ्ज के द्वारा प्रश्नोत्तरी का किया गया आयोजन विजेताओं को पुरुष्कृत किया गया। पूज्य स्वामी अमृतानंद जी ने बताया कि राधा रानी एवं भगवान श्री कृष्ण जी दो नहीं एक हैं उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ही राधा हैं, श्रीराधा ही कृष्ण हैं। राधा अष्टमी उत्सव का संचालन श्रीमती यमुना विश्वकर्मा द्वारा एवं संयोजन कुमारी आराधना भार्गव जे द्वारा किया गया। उत्सव में श्री गीता निकुंज परिवार के जिला संयोजक शिवराज रैकवार जी,साधक मोतीलाल पटेल, सत्यम नेमा, कमलाशंकर दुबे, शिवकुमार रैकवार, रमेश कुमार साहू, विवेक दुबे, मुकेश साहू, संतोष नेमा, मनोरमा दुबे, रूपा श्रीवास्तव, अनीता पटेल, विनीता पटेल, मनीष विश्वकर्मा, राकेश दुबे सहित अन्य स्थानीय साधकों की उपस्थिति सराहनीय रही। उत्सव का समापन भोग प्रसाद के वितरण के साथ किया गया।

## गोटेगांव में गणेशोत्सव की धूम



**गोटेगांव** स्थानीय हरदौल वार्ड माफीदार कालोनी ओम प्रकाश नाथ छटाकी के निवास स्थान पर विराजमान विघ्नहर्ता मंगल कर्ता भगवान श्री गणेशजी की अद्वितीय, अतिसुंदर, मनमोहक प्रतिमा जनआकर्षक का केंद्र बनी !



**गोटेगांव** पान में रखने वाले पैयारे से तैयार की गई झांकी में विराजमान श्री गणेश भगवान की और भोले बाबा की मनमोहक आकर्षक प्रतिमा, गुरुनानक वार्ड नयाबाजार स्थित निवासी शैलेश नेमा के निवास स्थान पर मनमोहन आकर्षक झांकी उनके सुपुत्र शुभ बिट्टू, राजा नेमा के द्वारा की गई तैयार...।



बैरियल के राजा पिपरिया लाठगांव गोटेगांव गणेशजी की अति सुंदर मनोहारी प्रतिमाजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।



**गोटेगांव** स्थानीय पुराना बस स्टैंड स्थित आदर्श युवा श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा विराजमान विघ्नहर्ता मंगल कर्ता भगवान श्री गणेशजी की अद्वितीय अतिसुंदर मनमोहक प्रतिमा जन आकर्षक का केंद्र होने से दर्शनार्थ हेतु श्रद्धालुबंधुओ की उमड़ रही है ।

## ग्रामीण इकाई के गठन पर साहू समाज द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

गोटेगांव



विगतदिवस साहू समाज उत्थान मंडल ग्रामीण समिति द्वारा मोहास में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया i कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहू समाज उत्थान मंडल के संयोजक व अध्यक्ष भगवानदास बीडी साहू एवं आरके साहू संरक्षक सदस्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ ! सर्वप्रथम मां जगदंबा की पूजन आरती के साथ मां कर्मा की आरती पूजन आरती वंदन किया गया ! उपस्थित मंचासीन मुख्य अतिथि भगवान दास साहू एवं कार्यक्रम अध्यक्ष आरके साहू का शाल श्रीफल एवं तिलक रोरी लगाकर स्वागत किया गया ! इसी क्रम में उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं का अंग वस्त्र से स्वागत किया गया वहीं उपाध्यक्ष कमलेश साहू ने स्वागत भाषण में सभी का अभिवादन किया ! संबोधित कड़ी में गुलाबसिंह साहू ने सामाजिक एकता का बल देते हुए साहू समाज उत्थान मंडल नींव से लेकर अभी तक के सफर की बात बतलाई इसी कड़ी में खेमलाल साहू ने सामाजिक कुरीतियों के विषय पर चर्चा करते हुए उनको दूर करने का प्रयास करने की बात कही ! वही साहू समाज उत्थान मंडल के संयोजक एवं मुख्य अतिथि भगवानदास साहू ने सर्वप्रथम वर्ष 25 में मनाई गई कर्मा जयंती के आय व्यय को प्रस्तुत किया साथ ही उन्होंने सामाजिक एकता संगठन एकता पर विशेष चर्चा करते हुए सामाजिक कुरीतियों जिसमें दहेज प्रथा नशा मुक्ति मृत्यु भोज के दुस परिणाम को बताते हुए सुधार करने पर चर्चा करने के साथ-साथ नगर में नवनिर्माण साहू समाज रामजानकी मंदिर के निर्माण के लिए उपस्थित जनों से सहयोग की अपेक्षा की ! इसी श्रृंखला में ग्रामीण अध्यक्ष त्रिभुवन साहू ने कहा समाज में पहले बिखराव को एकत्रित करना संगठित करना यह मेरा प्रथम उद्देश्य रहेगा साथ ही उन्होंने मंदिर निर्माण हेतु 105000 की राशि दान करते हुए उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओ से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की ! इसी क्रम में साहू समाज उत्थान मंडल द्वारा अध्यक्ष त्रिभुवन साहू का सम्मान करते हुए नियुक्ति पत्र दिया ! कमलेश साहू सोनू साहू रामकुमारसाहू विनोद साहू को नियुक्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दीं !कार्यक्रम का संचालन शिवशंकर साहू सचिव द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार मीडिया प्रभारी आशीष साहू द्वारा किया गया ! इस अवसर पर सुंदरलाल साहू रामजी साहू कन्हैया साहू मानसिंह साहू लवकेश साहू महेंद्र साहू टीकाराम साहू अंकुर साहू अतुल साहू कल्याण साहू प्रदीप साहू संगीत साहू पवन साहू ओम प्रकाश साहू भोले साहू घनश्याम साहू हरीश साहू संजय साहू पत्रकार संपूर्ण क्षेत्रीय के साथ-साथ मोहास ग्राम के स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे !

## वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की 194 वीं जयंती आज

**तेंदूखेड़ा** वीरांगना अवंतीबाई लोधी के अदम्य साहस शौर्य बलिदान की गाथाएं सर्वविदित है।उनकी 194 वी जयंती अवसर पर संपूर्ण जिले में पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके चलते आज तेंदूखेड़ा के कृषि उपज मंडी परिसर में मेकलसुता समीति के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज जालिम सिंह पटेल होंगे। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र पटेल गुड्डु भैया पूर्व जिला पंचायत राजा कौशलेंद्र सिंह जूदेव पूर्व विधायक दिलीप सिंह वर्मा दीवान शैलेंद्र सिंह ठा राघवेंद्र सिंह अध्यक्षता दीवान अर्जुन सिंह करेंगे। आयोजन समीति के द्वारा सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।





**गोटेगांव** के पथरिया कुआं निवास विठ्ठल चौरसिया के निवास पर विराजित भगवान गणेश की मूर्ति की सजावट ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर किये जाने के साथ–साथ विशेष रूप में सजाया है, घर में बने इस पंडाल की खासियत यह है कि इसे हाल ही में भारतीय सेना द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर बनाया गया है घर के अंदर आर्टिफिशियल सेना के हेलीकॉप्टर, टैंक, मिसाइल और रॉकेट लांचर की सजावट किए जाने के साथ ही आर्मी जवान थी तैनात किए गए, जोकि लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### सर्व ब्राह्मण सभा ने प्रतिभाओं और रिटायर्ड कर्मचारियों का किया सम्मान



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस तेंदूखेड़ा में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं तथा विभिन्न विभागों में पदस्थ रिटायर्ड कर्मचारियों का सम्मान समारोह पूर्वक किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय शर्मा श्रीमती साधना स्थापक जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक अभिलाष मिश्रा नप अध्यक्ष पंडित विष्णु शर्मा नपा अध्यक्ष नीरज महाराज ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष नारायण दुबे तथा समाज के विद्वान पंडित प्रमुख रुप से उपस्थित थे।इस मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा अपने इष्ट देव भगवान परशुराम जी एवं कन्या पूजन के साथ मंचासीन अतिथियों का स्मृति चिन्ह पुष्पाहारों से स्वागत किया गया। वहीं कक्षा दसवीं बारहवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 65 छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। साथ ही विप्र समाज के विभिन्न विभागों में कार्यरत रिटायर्ड सरकारी कर्मचारियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं कर्मकांड के माध्यम से विशिष्ट पहचान बनाने वाले पंडितों का भी स्मृति चिन्ह व शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

**मेधावी छात्रों तथा समाज उत्थान की दिशा में हरसंभव मिलेगा सहयोग -** समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व विधायक संजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि समाज का जब कोई भी व्यक्ति सम्मानित होता है तो निश्चित तौर पर हमारा भी गौरव बढ़ता है।एक साथ एक ही मंच पर जब बच्चों और वृद्ध जनों का सम्मान होना एक अविस्मरणीय क्षण हुआ करता है।